भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2721
बुधवार, 12 अगस्त, 2026 (21 श्रावण 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)

2721 श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:
श्री तेजवीर सिंहः
श्री मिथलेश कुमारः

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) की स्थापना के बाद से अब तक उसके द्वारा सुगम बनाए गए सहकारी निर्यात की कुल मात्रा तथा मूल्य क्या है तथा कितने देशों को निर्यात किया गया है;

(ख) एनसीईएल के माध्यम से किए गए निर्यात का वस्तु-वार ब्यौरा क्या है तथा इससे कितनी सहकारी समितियां/किसान लाभान्वित हुए हैं;

(ग) एनसीईएल की निर्यात बास्केट तथा बाजार पहुंच का विस्तार करने हेतु, विशेष रूप से मूल्य-वर्धित सहकारी उपज के लिए, क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या एनसीईएल के माध्यम से किए गए निर्यातों के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों के किसान-सदस्यों को कोई मूल्य-प्राप्ति लाभ हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जनवरी 2023 में अपनी स्थापना के बाद से, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) ने विश्व भर के 38 देशों को ₹5,866.10 करोड़ मूल्य के 50 कृषि और संबद्ध उत्पादों के 14,89,102 मीट्रिक टन से अधिक का निर्यात किया है ।

(ख) राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)के माध्यम से किए गए निर्यातों का वस्तु-वार ब्योरा **संलग्नक - I** पर संलग्न है ।

अब तक, 17,105 सहकारी समितियां एनसीईएल की सदस्य बन चुकी हैं और 2024-25 तक एनसीईएल के साथ नामांकित सदस्य सहकारी समितियां एनसीईएल द्वारा घोषित लाभांश से लाभान्वित हुई हैं। सदस्यता का राज्य-वार विवरण **संलग्नक – II** पर संलग्न है ।

(ग) राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के निर्यात बास्केट और बाजार पहुंच का विस्तार करने, विशेष रूप से मूल्य वर्धित सहकारी उत्पादों के लिए, एनसीईएल ने 28 राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । इन सहयोगों का उद्देश्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक किसानों की स्थानीय उपज, विशेष रूप से फल और सब्जियां, मसाले आदि की पहुंच को सुगम बनाना है, साथ ही मूल्य संवर्धन और सामूहिक सौदेबाजी के माध्यम से उनके उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करना है । अपने अधिदेश के अनुसार, एनसीईएल का उद्देश्य संभावित विदेशी बाजारों के आकलन के पश्चात विश्व के किसी भी देश मे सभी प्रकार की कृषि एवं संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करना है ।

(घ) सदस्य सहकारी समितियों के किसान सदस्यों ने बिना किसी बिचौलिए के सीधे राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) को विभिन्न कृषि एवं संबद्ध उत्पाद बेचे हैं और 1 से 3% तक मध्यस्थ आढ़त की बचत की है ।

*****

संलग्नक - I

राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)के माध्यम से किए गए निर्यातों का वस्तु-वार ब्योरा

क्रम सं.	जिंस	कुल मात्रा (मीट्रिक टन में)	मूल्य का योग (करोड़ रुपये में)
1	बेबी फूड मिल्क	150	9.41
2	केला	83	0.38
3	जौ	30	0.94
4	बासमती चावल	52	0.48
5	उड़द दाल	75	1.54
6	काली मिर्च	15	2.01
7	उड़द / मसूर दाल	55	1.15
8	ब्राउन शुगर / खांड	180	2.53
9	काबुली चना	120	4.66
10	कॉर्न फ्लेक्स	60	3.56
11	जीरा	276	5.86
12	जीरा	15	1.54
13	जीरा (छूट प्राप्त)	25	0.91
14	ताज़ा लाल प्याज	7,570	33.96
15	लहसुन पाउडर	15	1.49
16	अंगूर	1,201	26.44
17	स्वास्थ्यवर्धक बिस्कुट	30	0.94
18	होसो झींगा	148	9.84
19	भारतीय लॉन्ग ग्रेन राइस पीआर11	104	0.52
20	भारतीय उसना गैर-बासमती चावल	8,040	29.32
21	भारतीय गेहूं	53,507	148.08
22	इन्स्टेंट कॉफी	30	2.87
23	इन्स्टेंट नूडल्स	30	1.19
24	इन्स्टेंट सूप	15	0.85
25	राजमा	150	3.43
26	खुली चाय	16	0.75

क्रम सं.	जिंस	कुल मात्रा (मीट्रिक टन में)	मूल्य का योग (करोड़ रुपये में)
27	श्रीअन्न का आटा	150	3.97
28	श्रीअन्न (मिलेट्स)	96	0.26
29	मिक्स्ड फ्रूट जैम	38	1.61
30	गैर-बासमती चावल	5,500	19.88
31	गैर-बासमती सफेद चावल (निर्यात शुल्क)	2,80,003	1,252.71
32	ओट्स	150	3.94
33	प्याज	640	1.62
34	आलू का स्टार्च	120	4.79
35	किसमिस / मुनक्का	60	3.47
36	मसूर दाल	75	1.75
37	साधारण नमक	180	1.38
38	चावल	2,62,504	1,100.21
39	ज्वार	1,030	5.32
40	चीनी / शक्कर	15,247	68.62
41	सूरजमुखी का तेल	480	8.62
42	टी बैग	5	0.69
43	हल्दी गांठ	392	6.00
44	हल्दी पाउडर	15	0.74
45	गेहूँ	1,025	3.53
46	होल ब्रोकन राइस	70,030	220.72
47	होल ब्रोकन राइस (छूट प्राप्त)	7,75,596	2,845.01
48	पीली मसूर / तूअर दाल	125	2.58
49	पीली मक्का	3,500	11.16
50	पीली मटर	150	2.86
कुल योग		**14,89,102**	**5,866.10**

संलग्नक – II

आच्छादित जिलों, सदस्य सहकारी समितियों तथा सदस्य पैक्स का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्योरा

क्रम सं.	राज्य / संघ राज्यक्षेत्र	एनसीईएल की कुल सदस्य समितियां
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2
2.	आंध्र प्रदेश	647
3.	अरुणाचल प्रदेश	12
4.	असम	18
5.	बिहार	801
6.	चंडीगढ़	1
7.	छत्तीसगढ़	1681
8.	दिल्ली	9
9.	गोवा	2
10.	गुजरात	5565
11.	हरियाणा	610
12.	हिमाचल प्रदेश	145
13.	जम्मू और कश्मीर	30
14.	झारखंड	218
15.	कर्नाटक	293
16.	केरल	3
17.	लद्दाख	6
18.	मध्य प्रदेश	1656
19.	महाराष्ट्र	1048
20.	मणिपुर	44
21.	मिजोरम	5
22.	ओडिशा	1430
23.	पांडिचेरी	14
24.	पंजाब	117
25.	राजस्थान	1501
26.	सिक्किम	2
27.	तमिलनाडु	17
28.	तेलंगाना	171
29.	त्रिपुरा	114
30.	उत्तर प्रदेश	444
31.	उत्तराखंड	487
32.	पश्चिम बंगाल	12
	कुल योग	**17105**